संख्या-45/2015/139/22-4-15-48(5)/03

प्रेषक,

आर0 के0 द्विवेदी

उप सचिव

उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

महानिरीक्षक

कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं

उ0प्र0, लखनऊ।

कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं अनुभाग 4 लखनऊ दिनांक-13फरवरी, 2015

विषय-जिला कारागार, संतकबीरनगर के निर्माण हेतु अधिग्रहीत भूमि के अवशेष प्रतिकर का भुगतान किये जाने हेतु प्रशासकीय/वित्तीय स्वीकृति के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या- 1906/नम-3/वैल्यूम-।।।, दिनांक-22 जनवरी, 2015 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ कि श्री राज्यपाल महोदय जिला कारागार, संतकबीरनगर के निर्माण हेतु अधिग्रहीत भूमि के अवशेष प्रतिकर का भुगतान किये जाने हेतु चालू वित्तीय वर्ष 2014-15 में कुल रू0 58,61,459/- (रूपया अठ्ठावन लाख इकसठ हजार चार सौ उनसठ मात्र) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति निम्नलिखित शर्तों के अधीन प्रदान करते हैं :-

(1) स्वीकृत धनराशि का उपयोग दिनांक- 31.03.2015 तक कर लिया जायेगा।

(2) स्वीकृत धनराशि पी0एल0ए0 या बैंक एकाउन्ट में नहीं रखी जायेगी।

(3) धनराशि का उपयोग करने के बाद यदि कोई धनराशि शेष बचती है, तो वह राजकोष में जमा कर दी जायेगी।

2- इस निमित्त होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2014-15 के आय- व्ययक के अनुदान संख्या-25 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक "4070 अन्य प्रशासनिक सेवाओं पर पूंजीगत परिव्यय-800-अन्य व्यय-09- नवसृजित जनपदों में कारागार के निर्माण हेतु भूमि क्रय के लिए एक मुश्त व्यवस्था-24 वृहत् निर्माण कार्य" के नामे डाला जायेगा और उक्त लेखाशीर्षक/मद में उपलब्ध प्रावधान से वहन किया जायेगा।

http://shasanadesh.up.nic.in

3- यह आदेश वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या-बी-1-2457/दस-2014-231/2014, दिनांक-22.07.2014 में प्रशासकीय विभाग को प्रतिनिधानित अधिकारों के अधीन जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(आर0के0द्विवेदी)
उप सचिव

संख्या-45/2015/139(1)/22-4-15-तददिनांकित-

प्रतिलिपि-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

(1) प्रधान महालेखाकार(सिविल आडिट) उ0प्र0, इलाहाबाद।
(2) महालेखाकार(लेखा एवं हकदारी) उ0प्र0, इलाहाबाद।
(3) जिलाधिकारी, संतकबीरनगर।
(4) मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
(5) निदेशक, वित्तीय सांख्यिकीय निदेशालय, जवाहर भवन, लखनऊ।
(6) वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-12/वित्त (आय- व्ययक) अनुभाग-1/2
(7) गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(आर0के0द्विवेदी)
उप सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in